जहां नारी का सम्मान, वहीं पर देवताओं का वास

विधायक, डीएम, एसपी, सीडीओ, नगर आयुक्त ने किया मातृ शक्तियों का सम्मान

शेखर टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। महिला कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा गाँधी भवन प्रेक्षाग्रह में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ''अनन्ता कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।

डीएम इंद्र विक्रम सिंह, एसपी एस आनंद, सीडीओ प्रेरणा शर्मा, डीपीओ वरुण सिंह,विधायक रोशनलाल ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। स्कूल की बच्चियों द्वारा सरस्वती वंदना की गई। गणेश वंदना को योग करते हुए छात्रा गौरी ने प्रस्तुत किया। जिसके बाद विधायक रोशनलाल ने 2500 रूपए की धनराशि,जेई ने 1000 रूपए जिलाध्यक्ष ने रुपये देकर छात्रा का उत्साहवर्धन किया। वैष्णवी गुप्ता योगा व नाटक टीम को भी सम्मानित किया गया। डीएम ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं की प्रतिस्पर्धा देखने से लगता है कि ब बदलाव आ चुका है।पहले से ज्यादा अब महिलाएं आगे आ रही है।मिशन शक्ति का मतलब ही यह है कि नारियो को सुरक्षा सम्मान मिले।एसपी एस आनंद ने कहा कि जहां नारी की पूजा होती है वहां पर देवता वास करते है।

महिला दिवस के शुभ अवसर पर महिलाओं तथा बच्चों की सुरक्षा,सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम में उपस्थित जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह एवं नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा अपने क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाली नगर निगम से विशिष्ट सम्मानित अधिकारी रश्मि भारती सहायक नगर आयुक्त, साक्षी सिरारी एमआरएफ सेंटर संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी वाली, सोमवती चतुर्थ

सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती को प्रशस्ति पत्र देते डीएम

महिला कल्याण अधिकारी को सम्मानित करते जिलाधिकारी

महिला कर्मचारी, शीला एवं बीना चतुर्थ महिला सफाई कर्मचारी का पुरस्कार एवं सम्मान-पत्र देकर सम्मानित किया। अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मेगा इवेंट अनंता के अंतर्गत समाज में उल्लेखनीय कार्य के लिए इन मातृ शक्तियों को सम्मानित किया।

विशिष्ट महिलाओं में सीडीओ प्रेरणा शर्मा,सिविल जज सीनियर डिवीजन आभा पाल,एसडीएम कलान बरखा सिंह,बीडीओ खुटार ज्योति, बेसिक शिक्षा विभाग से दपिंदर कौर जिला गाइड कैप्टन,निकहत परवीन जिला स्काउट मास्टर,सुखमीत कौर प्रधानाध्यापिका भावलखेड़ा, अमिता शुक्ला प्रधानाध्यापिका मठिया स्कूल पुवायां,रेनू शर्मा सहायक अध्यापक खुटार,अंजुम आरा सहायक अध्यापक, माध्यमिक शिक्षा विभाग से रीतू, श्रद्धा टण्डन,सुमन शर्मा, सरिता गुप्ता,वंदना गुप्ता, स्वास्थ्य विभाग से डा सीमा सिंह, डा पूजा त्रिपाठी, हुदा जेहरा, नंदिनी, मीरा,शाहना, महिला एवं. बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग से पूजा सुमन, किरन, सदावती, ईश्वरवती, कंचनलता, राजस्व विभाग से निमिषा मिश्रा, शिवि गुप्ता, महिला एवं बाल विकास विभाग से विमला बहन,चंचल यादव,अमृता दीक्षित, अर्चा मिश्रा, गुलिशता खान, नमिता

योगा टीम को सम्मानित करते डीएम व सीडीओ

यादव,प्रियांशी, कीर्ति, प्रतिभा, पूनम,सुप्रिया, आशा, मृदुलता, पशुपालन विभाग से डा संगीता तिवारी, विकास भवन से वीना,किरन,रोली,कनक,मुन्नी, नीलम, पुलिस विभाग से एसओ परमेश्वरी, आयशा, स्वीटी, अनुपम,सुमनलता, ग्राम विकास विभाग से नीरू,अलका पाल,कोमल ,प्रज्ञा, विरला, अनीता, निशा,अल्का शर्मा, मोनिता, सुप्रिया पटेल, जिला उद्योग केंद्र से मीना देवी, प्राविधिक शिक्षा विभाग से निकिता गुप्ता को सम्मान दिया गया। जनपद में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 61 महिलाओं को प्रशस्ति पत्र व उपहार देकर सम्मानित किया गया।

डीएम ने कहा कि महिलाएं हर काम को संभव कर सकती हैं, जब उन्हें जज्बे के साथ कदम बढ़ाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मातृ शक्ति का सम्मान करना चाहिए। देश में विभिन्न विभागों के कार्यक्षेत्र में महिलाओं का हाथ है। हर कामयाब व्यक्ति के पीछे औरत का हाथ होता है यह केवल मिसाल नहीं बल्कि यह बात साबित भी हो चुकी है। महिलाओ को सम्मान देना चाहिए, निरादर नहीं करना चाहिए। बेटियां बोझ नहीं होतीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं में धैर्य के गुण अधिक है। बस अब महिलाओं में भेदभाव दूर करने की आवश्यकता है।

एसपी एस आनंद ने कहा कि जहां नारी की पूजा की जाती है वहां पर देवता वास करते हैं, नारी का अपमान करने वालों से देवता भी रूठ जाते हैं।

महिलाएं निडर होकर अपनी समस्याएं पुलिस को बताएं उसे हल करने के लिए पुलिस तत्पर है। उत्पीड़न करने वाले से ज्यादा सहने वाला अपराधी होता, महिलाएं अपने साथ

सम्मान पत्र दिखातीं पीएसडब्लू नंदनी

हो रहे अन्याय के खिलाफ आवाज उठाएं, जिससे उन्हें न्याय मिल सके। नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा, अपर जिलाधिकारी रामसेवक द्विवेदी, एडीएम वित्त गिरिजेश चौधरी,उप जिलाधिकारी कलान बरखा सिंह, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह, विधायक रोशन लाल वर्मा, जिलाध्यक्ष हरीप्रकाश वर्मा, योग प्रशिक्षक मृदुल गुप्ता उपस्थित रहे।